# हिन्दी विभाग

## शैक्षिक वर्ष २०२० - २०२१ (ऑनलाइन)

## Experimental learning (प्रायोगिक–ज्ञान)

| क्रं | दिनांक और समय | गतिविधियों के नाम | कार्यक्रम का स्थान | प्रकृति | विद्यार्थी संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | २३-०६-२०,<br>२४-०६-२०<br>२५–०६-२०<br>१० से ४ | साहित्य और सामाजिक विज्ञान के पारस्परिक अंतर फलक<br>अंतरविद्याशाखीय अंतरराष्ट्रीय ई-संगोष्ठी (तीन दिवसीय )<br>प्रा. स्वाती वाव्हल.<br>१)डॉ.करुणाशंकर उपाध्याय<br>२)डॉ.हाइन्ज वेर्नर विस्लेर<br>३)डॉ.सुरीति रघुनंदन | इस्माईल यूसुफ महविद्यालय<br>Online | Extra-Curricular | ----- |
| २ | १८-०८ -२०,<br>१९-०८-२०<br>१० से २ | नवीन पाठ्यक्रम द्वितिय वर्ष कला: दो दिवसीय कार्यशाला<br>१)साहित्यकार सूर्यबाला<br>२)कवि राजेश जोशी<br>३)उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल | सोनुभाई बसवंत महाविद्यालय शहापुर<br>Online | Participation | ०५ |
| ३ | ०३-१०-२०<br>११से १ | प्रथम वर्ष कला ओरियंटेशन | Online | Program | |
| ४ | २७-११-२० | पीएच.डी शोध प्रबंध<br>वि. नाम नीतू तातेड़ | Mumbai University | Submission | ०१ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ५ | २३-०१-२१ | पी .आर सिंह<br><br>भाषण प्रतियोगिता<br><br>१)वि. नाम आर्य नक्श<br><br>(तृतीय वर्ष कला )<br><br>२)वि.नाम चेतना दुबे (द्वितिय वर्ष कला) | रामनिरंजन झुंझुनवाला महाविद्यालय | Participation<br><br>Online | ०२ |
| ६ | २३-०१-२१ | निबंध प्रतियोगिता<br><br>१)वि.नाम अनामिका यादव (तृतीय वर्ष कला) | भवन्स महाविद्यालय | Participation | ०१ |

MAJoshi

Head of department

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (२०२०-२०२१)

II: Brief Information about the Activity Hindi (Criterion no I -):

| Topic/Subject of the activity 2020 -2021 | Objective for conducting the activity | Methodology | Outcome |
|---|---|---|---|
| 1)Sahitya aur samajik vigyan ke parasparik<br><br>antar falak.<br><br>International E- conference . | This conference intends to integrate researcher from different disciplines and various state and countries and contribute their views on different aspects of the subjects. | Online Conference. | This conference given new perspectives in humanities. Interdependence of Literature social sciences. Critical and Analytical developments in Research. Research Article (14+26) |
| 2)E-workshop of Syllabus changed .SYBA | To connect the students<br><br>with Large virtual audience and share thoughts | Virtual platform. | Widened students views because<br><br>Of great writers and resource persons. |
| Orientation<br><br>Online Program | To help students to understand about their good decision of the college choice. Provides concise information to make the students feel Comfortable. | Online Program | To educate students about their course, subject, Time table online, No. of Participants Faculties: 12+20, No .of Students: Coordinator & Admission Committee. |
| PH.D submission<br><br>Nitu Tated | Platform for Researcher confirm that researcher give new dimensions to subjects and finding. | submission | Reseacher prove and show case her knowledge to academic experts. |
| 5)Elocution Competition Jhun-jhunwala Collage. | Develop skills, such as public speaking skill. | Participation | Improve their Language .Students learn the importance of effective speech. |
| 6)Essay competition | Develop skills, such as writing ,public speaking skill | Participation | Students learn the importance of effective writing. |

MAJoshi

Head of department

शैक्षिक वर्ष २०२०-२०२१ ( ऑनलाइन)

Experimental learning (प्रायोगिक–ज्ञान)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल

| III: Proofs attached: letters/ student list of participation/ certificate/ document/photos/ any other |
| --- |




१)दिनांक: २३-०६-२० से २४-०६-२० और २५–०६-२० तक

गतिविधि का नाम- अंतरविद्याशाखीय अंतरराष्ट्रीय ई-संगोष्ठी

प्राचार्य डॉ . स्वाती वाव्हल.

१)डॉ.करुणाशंकर उपाध्याय २)डॉ.हाइन्ज वेर्नर विस्लेर ३)डॉ.सुरीति रघुनंदन

कार्यक्रम का स्थान -online

प्रकृति -Extra-curricular

https://www.youtube.com/live/fO5F5TB2mVM?si=sAaWDrdqf7NCa7er


२)दिनांक: १८-०८-२० और १९-०८-२०

गतिविधि का नाम- नवीन पाठ्यक्रम द्विवितिय वर्ष कला:दो दिवसीय कार्यशाला

१)साहित्यकार सूर्यबाला २)कवि राजेश जोशी ३)उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल

कार्यक्रम का स्थान - सोनुभाई बसवंत महाविद्यालय शहापुर प्रकृति - online Participation






३) दिनांक: ०३-१०-२०

गतिविधि का नाम- प्रथम वर्ष कला ओरियंटेशन

कार्यक्रम का स्थान –online प्रकृति -Curricular

Government of Maharashtra Ismail

Yusuf College, Jogeshwari

FYBA ORIENTATION PROGRAMM

SCHEDULE OF ZOOM MEETING

3-10-2020

- Welcome
- Speech by Arts Co-ordinator - Shrimati Meena Thakar
- Speech by College Admission - Dr. Madhuri Joshi Committee In Charge
- Address by Respected Principal- Dr. Swati Wavhal
- Speech by Head college Library - Shrimati Swati Phadke
- Instruction and Vote of Thanks- Dr. Sheetal Panchikar

Government of Maharashtra Ismail

Yusuf College, Jogeshwari

# REPORT OF FYBA ORIENTATION PROGRAMM

Online Orientation Programm was organised by Faculty of Arts for FYBA students on 3rd October 2020 at 12.30 on zoom meeting.

Amol Sonawane sir HOD of Mathematics arrange the zoom meeting andshowed the Video about college in the beginning of the program.

- In her speech shrimati Meena Thakar madam, Arts Co-ordinator informed the students about college discipline and Exam pattern.

- College Admission Committee in Charge Dr. Madhuri Joshi madam gave information about history of college, and guided the students about different subjects offered in Arts faculty and future opportunities in the subjects.
- Shrimati Swati Phadke Head College Library interacts with the students and told them about college library and books.
- Dr. Sheetal Panchikar gave instruction to the students about lectures and time-table and gave vote of thanks.

All the Arts faculty teachers and 70 FYBA students attended the online Orientation Programm.

MAJoshi

Dr. Madhuri Joshi

ADMISSION COMMITTEE COORDINATOR


Government of Maharashtra Ismail


Yusuf College, Jogeshwari

FYBA ORIENTATION PROGRAMM

ZOOM MEETING- Attendance

Date-3-10-2020 Time- 12.30 pm






Dr. Madhuri Joshi

ADMISSION COMMITTEE COORDINATOR


Government of Maharashtra


Ismail Yusuf College, Jogeshwari

FYBA ORIENTATION PROGRAMM

ZOOM MEETING- Attendance

Date-3-10-2020 Time- 12.30 pm






Dr. Madhuri Joshi

ADMISSION COMMITTEE COORDINATR

## Senior College Faculty Members

**PRINCIPAL: Dr. (Smt.) Swati D. Wavhal**

**Arts**

| DEPARTMNT | NAME OF THE FACULTY |
|---|---|
| ARABIC | Dr. (Smt.) Khan, S. U. (Head) |
| ECONOMICS | Dr. Phutane E.S. (In-Charge) |
| ENGLISH | Shri. Shinde, Y.B.(Head)/ Smt. Sapkale T.Y. |
| GUJARATI | Smt. Thakar, M.Y. (Head) |
| HINDI | Dr. (Smt.) Joshi, M.A.(Head) |
| HISTORY | Dr. (Smt.) Panchikar, S.M.(Head)/ Smt. Pawaskar, K.C. |
| MARATHI | Shri. Vairagi, S.R. (Head)/ Dr. Phutane, E.S. |
| PERSIAN | Dr (Smt.) Khan S. U. (In-Charge) |
| PHILOSOPHY | Dr. Dehury G.H.(Head)/ Dr. Sawant J. B. |
| POLITICAL SCIENCE | Dr. (Smt.) Panchikar(In-Charge) |
| PSYCHOLOGY | Dr. Dadmal, T. L. (In-Charge) |
| URDU | Dr (Smt.) Khan S. U. (In-Charge) |

Government of Maharashtra

ISMAIL YUSUF COLLEGE OF ARTS, SCIENCE AND COMMERCE

JOGESHWARI EAST,MUMBAI- 400060

NAAC 'A' Grade CGPA Score-3.14

## *THE COLLEGE PROFILE*

**CAMPUS ACADEMICS**
**LIBRARY**

**SPORTS COMPLEX/ GYMKHANA (DEPT. OF PHYSICAL EDUCATION AND SPORTS)**

**HOSTEL**

**NATIONAL CADET CORPS (NCC) (BOYS AND GIRLS) UNITS NATIONAL**

**SERVICE SCHEME (NSS)**

**DEPARTMENT OF LIFE-LONG LEARNING AND EXTENSION (DLLE)**

**CANTEEN AND MESS FACILITYGIRLS**
**COMMON ROOM STATIONERY STORE**

**CO-CURRICULAR AND EXTRA - CURRICULAR ACTIVITIES-- THE**

**PALMS – COLLEGE MAGAZINE**

FYBA

## GENERAL INSTRUCTIONS REGARDING FILLING THE GOOGLE FORM

- Student can submit Google form only oncetime .
- Students must fill Google form carefully and should select subjects carefully. Subject once selected will not be changed.
- Last Date of submission of Google form is - *10-10-2020*and after this date the link of Google form will be closed
- To fill the Google form is compulsory for all the students.

**FACULTY OF ARTS**

| **F.Y.B.A. (Total Six Papers)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Compulsory Papers**<br>Communication Skills in English<br>Foundation course Paper I | | | | |
| **One Classical or Modern Indian Language: (Select only ONE) ( Compulsory language)** | | | | |
| Marathi | Hindi | Gujarati | | |
| Urdu | Persian | Arabic | | |
| **Optional Papers: (Select only ONE from each group, Select Maximum THREE in which ( ONE language is compulsory) (These Optional Papers will be continued in SYBA )** | | | | |
| **Group-I** | **Marathi** | **Gujarati** | **Urdu** | |
| **Group-II** | **English** | **Persian** | **Arabic** | **Hindi** |
| **Group-III** | **Economics** | **Philosophy** | **Psychology** | |
| **Group-IV** | **Political Science** | **Ancient Indian Culture** | | |
| **Group-V** | **History** | **Islamic Studies** | | |

**Government of Maharashtra Ismail Yusuf College of Arts, Sci and Com, Jogeshwari – East . Mumbai – 400 060 TIME TABLE – ONLINE – 2020 - 2021**

**F.Y.B.A.**

| TIME | MONDAY | TUESDAY | WEDNESDAY | THURSDAY | FRIDAY | SATURDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9:00<br>To<br>9:50 | HIS | HIS | HIS | POL.SCI | POL .SCI | POL .SCI |
| | ISL | ISL | ISL | AIC | AIC | AIC |
| | | | | | | |
| 10:0<br>0<br>TO<br>10:5<br>0 | ECO | ECO | ECO | FC | FC | FC |
| | PHI | PHI | PHI | | | |
| | PSY | PSY | PSY | | | |
| | | | | | | |
| 11:0<br>0<br>TO<br>11:5<br>0 | MAR © | MAR © | MAR © | MAR (O) | MAR (O) | MAR (O) |
| | HIN © | HIN © | HIN © | URDU (O) | URDU (O) | URDU (O) |
| | URD © | URD © | URD © | GUJ (O) | GUJ (O) | GUJ (O) |
| | ARA © | ARA © | ARA © | | | |
| | GUJ © | GUJ © | GUJ © | | | |
| | PER © | PER © | PER © | | | |
| | | | | | | |
| 12:0<br>0<br>TO<br>12:5<br>0 | | | | HIN (O) | HIN (O) | HIN (O) |
| | CSK | CSK | CSK | ENG (O) | ENG (O) | ENG (O) |
| | | | | ARA (O) | ARA (O) | ARA (O) |
| | | | | PER(O) | PER(O) | PER(O) |



Dr. Madhuri Joshi

ADMISSION COMMITTEE COORDINATOR

४) दिनांक: २७-११-२० गतिविधि का नाम :वि. नीतू तातेड़

पीएच.डी शोध प्रबंध    प्रकृति :submission.



५) दिनांक -२३-०१-२१ गतिविधिकानाम - पी .आरसिंहभाषण प्रतियोगिता

१)वि. नामआर्यनक्श (तृतीयवर्षकला ) २)वि.नामचेतनादुबे (द्वितियवर्षकला)

कार्यक्रम का स्थान - रामनिरंजन झुंझुनवाला महाविद्यालय प्रकृति:Participation

किसान...दुबे

## किसान आंदोलन समस्या और समाधान

भारत विश्व का दूसरे नंबर का कृषि प्रधान देश है। क्योंकि भारत में आज भी ६८% जनसंख्या कृषि क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रही है। कृषि भारत की सकल घरेलू उत्पाद में १७% का योगदान करती है।भारत की आर्थिक स्थिति में कृषि का एवं इसे सशक्त बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जो किसान अन्नदाता के रूप में हमारे भोजन की आवश्यकता की पूर्ति करता है, उसी की आवश्यकता का ख्याल हमारी सरकार क्यों नहीं रख पा रही है? भारत सरकार द्वारा पारित ३ कृषि बिल क्या है? किसान क्यों इन बिल के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं? क्यों बड़ी संख्या में किसान भारत की राजधानी दिल्ली में आंदोलन कर रहे है? आइए इसके बारे में जाने!

पहला कानून जिसका नाम 'कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य' (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक 2020 है। यह कानून निकट भविष्य में सरकारी कृषि मंडियों की प्रासंगिकता को शून्य कर देगा, सरकार निजी क्षेत्रों को बिना किसी पंजीकरण और बिना किसी जवाबदेही के कृषि उपज के क्रय विक्रय की खुली छूट दे रही है। अनाज वितरण का अधिकार निजी कंपनी को सौंप रही है। सोचिए कि अगर निकट भविष्य में कभी कोरोना से ही विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ा तो उस दौरान सरकार खुद लोगों को बुनियादी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र से खरीदारी करेगी। वही, आज वह इसे अपने बड़े एफसीआई गोदामों से लोगों को मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। साथ ही सरकारी कृषि मंडियों के समानांतर आसान शर्तों पर खड़ा किए जाने वाला नया बाजार इन की प्रासंगिकता को खत्म कर देगा और जैसे ही सरकारी मंडियों की प्रासंगिकता खत्म होगी, क्योंकि मंडिया एमएसपी को सुनिश्चित करती है।

दूसरा कानून 'कृषि (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार विधेयक 2020 है। जिसकी अधिक चर्चा कॉन्ट्रैक्ट फोरम के विवाद में समाधान के मौजूदा प्रावधानों के संदर्भ में की जा रही है। कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के इस कानून की वजह से देश में भूमिहीन किसानों के एक बहुत बड़े वर्ग के जीवन पर गहरा संकट आने वाला है! 2011 की जनगणना के अनुसार देश में कुल 26.3 करोड़ परिवार खेती किसानी के कार्य में लगे हुए हैं। इसमें से महज 11.9 करोड़ किसानों के पास खुद की जमीन है। जबकि 14. ४३करोड़ किसान भूमिहीन है। भूमिहीन किसानों की एक बड़ी संख्या 'बंटाई' पर खेती करती है। भूमि के मालिक से कुल पैदावार की आधी फसल पर बंटाई बोई जाती है। ग्रामीण इलाकों का यह अपना एक प्रचलित खेती करने का तरीका है। इस नए कानून के जरिए पूंजी पतियों को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के लिए खुली छूट दी जा रही है। अब सोचने का विषय यह है कि गांव का कोई भूमिहीन किसान इन बड़े निजी क्षेत्र की फॉर्म से मुकाबला कैसे करेगा? एक बड़ी कंपनी बड़ी आसानी से किसी किसान से उसकी भूमि 5 साल की अवधि के लिए एकमुश्त एडवांस पर ले सकती है।लेकिन गांव का एक भूमिहीन किसान यह करने में असमर्थ रहेगा। ऊपर से भारत के किसानों का एक बड़ा हिस्सा आरक्षित है जो कि कानूनी अनुबंध करने में खुद को असहज पाएगा, ऐसी परिस्थितियों में भूमिहीन किसानों का पूरा जीवन खत्म हो जाएगा। ऊपर से बड़ी कंपनियां मशीनों के लिए खेती का कार्य करेंगे ना कि मजदूर के जरिए। इसलिए बहुत अधिक रोजगार भी उत्पन्न नहीं होने जा रहे हैं। यह कानून देश के 14 करोड़ भूमिहीन किसानों के भविष्य को प्रभावित करने जा रहा है।

तीसरा कानून 'आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक २०२० है। यह कानून आने वाले निकट भविष्य में खाद्य पदार्थों की महंगाई का दस्तावेज है। इस कानून के जरिए निजी क्षेत्र को असीमित भंडारण की छूट दी जा रही है। खेती उपज जमा करने के लिए निजी निवेश को छूट होगी। सरकार को पता नहीं चलेगा कि किसके पास कितना स्टॉक है और कहां है? यह जमाखोरी और कालाबाजारी को कानूनी मान्यता देने जैसा है। वही, इस कानून मे स्पष्ट लिखा है कि राज्य सरकार और सीमित भंडारण के प्रति तभी कार्यवाही कर सकती है जब वस्तुओं की मूल्य वृद्धि बाजार में दोगुनी होगी। एक तरह से देखें तो यह कानून महंगाई बढ़ाने की भी खुली छूट दे रहा है। जो कि मध्यम और निम्न वर्ग के लिए एक नुकसान दायक कानून है। समय रहते सरकार को चाहिए कि इन तीनों कानूनों का उचित हल निकाल लिया जाए। वजह है कि यह आंदोलन भूमिहीन किसानों के रास्ते होते हुए मध्य एवं निम्न आय वर्ग को भी जोड़ेगा। आने वाले भविष्य में जब यह दोनों वर्ग भी खुद को इन कानून के जरिए ठगा महसूस करेंगे तो आंदोलन की रफ्तार और तेज हो जाएगी। तीनों ही कृषि कानून किसान और आम लोगों को बहुत फायदा पहुंचाने नहीं जा रहे हैं, ना तो कोई सामान्य किसान इतना आर्थिक समृद्धि है कि वह बड़े गोदाम बना कर अपनी फसलों का भंडारण करेगा और ना ही भूमिहीन किसान इतने मजबूत हैं कि वह एक लंबी अवधि के लिए खेतों का कानूनी अनुबंध कर पाएंगे। तो फिर यह सब कौन कर सकेगा? उत्तर है पूंजी से भरे पड़े लोग। सरकार को तीनों कानून वापस लेने पर पड़े हैं ये किसानों की जीत है या परिवर्तन का विरोध यह समय तय करेगा।

चेतना दुबे
एस. वाय. बी. ए.

६)  दिनांक: २३-०१-२१

गतिविधि का  नाम-  निबंध प्रतियोगिता

१)वि.नाम अनामिका यादव (तृतीय वर्ष कला)    कार्यक्रम का स्थान - भवन्स महाविद्यालय

## भारतीय संस्कृति का अनोखा स्वरुप

**जब तक संस्कृति है तब तक आस है**

**बिना संस्कृति मानवता का विनाश है।**

संस्कृति जीवन जीने की एक पद्धति है जिससे समाज के सदस्यों में साझेपन का भाव विकसित होता है।वे वेश-भूषा, आचार-विचार, उत्सव, भाषा, कला इत्यादि मिलकर संस्कृति का निर्माण करते हैं। यह एक गतिशील धारणा है, जो पीढ़ियों के माध्यम से आगे बढ़ती है। इनमें स्थान और समय के आधार पर भिन्नता पाई जाती है।

अगर भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत एक विविध संस्कृति वाला देश है, एक तथ्य कि यहाँ यह बात इसके लोगों, संस्कृति और मौसम में भी प्रमुखता से दिखाई देती हैं। हिमालय की अनश्वर बर्फ से लेकर दक्षिण के दूर दराज में खेतों तक, पश्चिम के रेगिस्तान से पूर्व के नम डेल्टा तक, सुखी गर्मी से लेकर पहाड़ियों की तराई के मध्य पठार की ठंडक तक, भारतीय जीवनशैलियाँ इसके भूगोल की भव्यता स्पष्ट रूप से दर्शाती है। एक भारतीय के परिधान, योजना और आदतें इसके उद्भव के स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं।

भारतीय संस्कृति अपनी विशाल भौगोलिक स्थिति के समान अलग-अलग है। यहाँ के लोग अलग -अलग तरह के कपडे पहनते हैं, भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते हैं, अलग -अलग भोजन करते हैं किंतु उनका स्वभाव एक जैसा होता हैं। चाहे कोई खुशी का अवसर हो या कोई दुख का क्षण, लोग पुरे दिल से इसमें भाग लेते हैं, एक साथ खुशी या दर्द का अनुभव करते हैं। एक त्यौहार या आयोजन किसी घर या परिवार के लिए सिमित नहीं हैं। पूरा समुदाय या आस -पड़ोस एक अवसर पर खुशियाँ मनाने में शामिल होता है, इसी प्रकार एक भारतीय विवाह मेल-जोल का आयोजन है, जिसमें न केवल वर और वधु बल्कि दो परिवारों का भी संगम होता हैं। चाहे उनकी संस्कृति या फिर धर्म का अलग क्यों न हो। इसी प्रकार दुख में भी पड़ोसी और मित्र उस दर्द को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारतीय संस्कृति के बारे में पं. मदनमोहन मालवीय का कहना है कि "भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विशालता और उसकी महत्ता तो संपूर्ण मानव के साथ तादात्म्य संबंध स्थापित करने अथार्त 'वसुधैव कुटुम्बकम' की पवित्र भावना में निहित है।"

भारत का इतिहास और संस्कृति गतिशील है और यह मानव सभ्यता की शुरुआत तक जाती है। यह सिंधु घाटी की रहस्यमयी संस्कृति से शुरु होती है और भारत के दक्षिणी इलाकों में किसान समुदाय तक जाती है। भारत के इतिहास में भारत के आस-पास स्थित अनेक संस्कृतियों से लोगों का निरंतर समेकन होता रहा है।

उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार लोहे, तांबे और अन्य धातुओं के उपयोग काफी शुरुआती समय में भी भारतीय उप-महाद्वीप में प्रचलित था, जो दुनिया के इस हिस्से द्वारा की गई प्रगति का संकेत हैं। चौथी सहस्त्राब्दि  बी.सी. के अंत तक भारत एक अत्यंत विकसित सभ्यता के क्षेत्र के रूप में उभर चुका था।

संस्कृति के शाब्दिक अर्थ की बात की जाए तो संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है। संस्कृति से ही देश , जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारो का बोध होता है जिनके सहारे वह अपने आदर्शों ,

जीवन मूल्यों आदि का निर्धारण करता है। अतः संस्कृति का साधारण अर्थ होता है-संस्कार, सुधार, परिष्कार, शुद्धि, सजावट अदि। वर्तमान समय में सभ्यता और संस्कृति को एक-दूसरे का पर्याय माना जाने लगा है लेकिन वास्तव में संस्कृति और सभ्यता अलग-अलग होती है। सभ्यता में मनुष्य के राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, प्रोद्योगिकीय व दृश्य कला रूपों का प्रदर्शन  होता है जो जीवन को सुखमय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है जबकि संस्कृति में कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य और मानव जीवन की उच्चतम उपलब्धियाँ सम्मिलित है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। यह माना जाता है कि भारतीय संस्कृति यूनान, रोम, मिस्र, सुमेर और चीन की संस्कृतियों के समान ही प्राचीन है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमे बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके साथ ही यह अपने-आप को बदलते समय के ढालती भी आई हैं।

**"यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रोमां, सब गिर गए जहाँ से अब तक मगर हैं बाकी नाम-ओ-निशाँ हमारा,**

**कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर -ऐ -जहाँ हमारा।"**

जब से मानव का जीवन अस्तित्व में है तब से वह निरंतर उन मूल्यों की तरफ अग्रसर है, जिनके प्राप्त कर लेने पर उसका जीवन व्यवस्थित होने के साथ- साथ 'आत्मिक सौंदर्य' से भी परिचित हो सके। उसकी यह प्रवृति वास्तव में संस्कृति की ओर ही इशारा करती है। भारतीय संस्कृति समस्त मानव जाति का कल्याण चाहती है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन गौरवशाली मान्यताओं एवं परंपराओं के साथ ही नवीनता का समावेश भी दिखाई देता है।

में संस्कृति की ओर ही इशारा करता है। भारतीय संस्कृति समस्त मानव जाति का कल्याण चाहता है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन गौरवशाली मान्यताओं एवं परंपराओं के साथ ही नवीनता का समावेश भी दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति विभिन्न सांस्कृतिक धाराओं का महासंगम है, जिसमें सनातन संस्कृति से लेकर आदिवासी, तिब्बत मंगोल, द्रविड़, हड़प्पाई और यूरोपीय धाराएं समाहित हैं। भारतीय संस्कृति को इंद्रधनुषीय संस्कृति या गंगा-जमुनी तहज़ीब में परिवर्तित करती हैं।

अगर भारतीय संस्कृति के समन्वित रूप पर विचार करे तो इसमें विभिन्न विशेषताएँ देखने को मिलती हैं। भारतीय संस्कृति में अध्यात्म एवं भौतिकता'में समन्वय नजर आता है। भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल में मनुष्य के चार पुरुपार्थों धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष एवं चार आश्रमों-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास का उल्लेख है, जो आध्यात्मिकता एवं भौतिक पक्ष में समन्वय करने का प्रयास है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति ने अनेक जातियों के श्रेष्ठ विचारों को अपने में समेट लिया है। भारतीय संस्कृति में यहाँ के मूल निवासियों के समन्वय की प्रक्रिया के साथ ही बाहर से आने वाले शक, हुण, यूनानी एवं कुषाण  भी यहाँ की संस्कृति में घुल-मिल गए हैं। अरबों, तुर्कों और मुगलों के माध्यम से यहाँ इस्लामी संस्कृति का आगमन हुआ। इसके बावजूद भारतीय संस्कृति ने अपना पृथक अस्तित्व बनाए रखा और नवागत संस्कृतियों की अच्छी बातों को उदारतापूर्वक ग्रहण किया।

आज हम भाषा, खानपान, पहनावे, कला, संगीत अदि हर तरह से गंगा -जमुनी तहजीब या यूँ  कहें  कि वैश्विक संस्कृति  नमूने हैं कौन कहेगा कि सलवार-सूट ईरानी पहनावा है या हलवा ,कबाब ,पराठे, शुद्ध भारतीय व्यंजन नहीं हैं। इस बिंदु पर विचार करना जरुरी है कि हड़प्पाकालीन सभ्यता की परंपराएँ एवं प्रथाए आज भी भारतीय संस्कृति में देखने को मिल जाती है,यथा-मातृदेवी, पशुपतिनाथ की उपासना, योग-आसन की परंपरा इत्यादि।इसके अलावा भारतीय संस्कृति में 'प्रकृति मानव सहसंबंध' पर बल दिया गया है। हमारी संस्कृति मानव ,प्रकृति और

पर्यावरण के अटूट एवं साहचर्य संबंधों को लेकर चलती है। भारतीय उपनिषदों में 'ईशावास्यइंद सर्वम' अर्थात जगत के कण -कण में ईश्वर  की व्याप्तता को स्वीकार किया गया है।

यहाँ के विभिन्न विचारकों एवं महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति को समन्वित रूप प्रदान करने वाले विचार प्रस्तुत किये हैं। फिर चाहे बुद्ध, तुलसीदास हो या गांधी जी, इन सभी को भारतीय संस्कृति के नायक के रूप में प्रस्तुत किया गया है तथा ये सभी चरित्र संस्कृति को समन्वित स्वरुप देते है। भारत की विभिन्न कलाओं, जैसे मूर्तिकला, नृत्यकला, चित्रकला, लोकसंस्कृति इत्यादि में भारतीय संस्कृति के समन्वित स्वरुप को देखा जा सकता है। विभिन्न धर्म, पंथों एवं वर्गों के लोगो का नेतृत्व इन कलाओं में दृष्टिगोचर होता है, भारतीय संस्कृति का समन्वित रूप केवल भौगोलिक -राजनितिक सीमाओं में नहीं है बल्कि उसके बाहर भी है। भारत के अंदर बौद्ध, जैन, हिन्दू, सिख, मुस्लिम, ईसाई आदि धर्मों के लोग एवं  उनके पूज्य-स्थल हैं, जो 'शांतिपूर्ण' सहअस्तित्व को दर्शाते हैं। विदित हो कि  संस्कृति का स्वरूप 'साहित्य' में सबसे अधिक समर्थपूर्ण तरीके से अभिव्यंजित होता है। संस्कृति साहित्य का प्राण है। साहित्य की विभिन्न विधाओं में संस्कृति के प्रभाव को देखा जा सकता है। यहाँ की संस्कृति के आधारभूत मूल्य दया, करुणा, प्रेम, शांति, सहिष्णुता, लचीलापन, क्षमाशीलता इत्यादि को भारतीय साहित्य में समुचित तरीके से अभिव्यक्ति दी गयी है। भारतीय संस्कृति का यह समन्वित रूप संस्कृति भाषा के माध्यम से रामायण, महाभारत, गीता, कालिदास-भवभूति-भास के काव्यों और नाटकों के माध्यम से बार-बार व्यक्त हुआ है।

भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का अविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। तात्कालिक कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खड़े होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें।

**संस्कृति मन और आत्मा का विस्तार है**

अतः यह स्पष्ट रूप से उल्लेखनीय है कि भारत में कभी भी एक ही संस्कृति पूर्ण रूप से व्याप्त नहीं रही और न ही शायद किसी भी बड़े प्रदेश में कभी एक ही संस्कृति रही है। इस देश में आध्यात्मिक संस्कृति की प्रमुखता रही है। अतः संस्कृति में बदलाव निरंतर रहेगा।


**यादव अनामिका राजेश**

**तृतीय वर्ष कला हिंदी २०२०-२१**


MAJoshi

Head of Department